<u>समाचार</u>

# कोरबा में शहर की स्वच्छता व सफाई कार्यो का बनेगा मास्टर प्लान, एक सप्ताह में तैयार होगी योजना, अब होगा सुनियोजित सफाई कार्य

## (आयुक्त ने  ली स्वच्छता विभाग के अधिकारियों, निरीक्षकों, सफाई कार्य एजेंसियों की बैठक –कहा – शहर की स्वच्छता है सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय )

## (प्रत्येक वार्ड का बनेगा स्वच्छता नक्शा, स्वच्छता कर्मियों को मिलेंगे चिपयुक्त आई.कार्ड, कार्यो की होगी वैज्ञानिक रूप से मानीटरिंग, वार्डवार संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी सुनिश्चित)




कोरबा 01 जुलाई 2025 – ऊर्जाधानी कोरबा शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो हेतु मास्टर प्लान तैयार होगा, एक सप्ताह के अंदर योजना को अंतिम रूप देकर एक बेहतर प्लानिंग के तहत सफाई कार्य कराए जाएंगे, वहीं सफाई कार्यो की वैज्ञानिक तरीकें से मानीटरिंग होगी,जिसके धरातलीय स्तर पर सकारात्मक परिणाम दिखेंगे। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, निरीक्षकों व सफाई कार्य एजेंसियों की बैठक लेकर सफाई व्यवस्था का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है, अतः समस्त जिम्मेदार अब अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे, उन्होने कहा कि सफाई कार्यो में लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि अब कोरबा में सफाई का कार्य पूर्णतः योजनाबद्ध तरीके से होगा, इस हेतु तत्काल एक त्रुटिरहित मास्टर प्लान तैयार करें, यह योजना एक सप्ताह के अंदर तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करें। स्वच्छता मास्टर प्लान पर

अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होने कहा कि प्लान के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रत्येक वार्ड का स्वच्छता नक्शा तैयार करें, नक्शे में वार्ड का नाम, वार्ड में कार्यरत श्रमिकों का नाम, संबंधित निरीक्षक व पर्यवेक्षक का नाम भी अंकित हों। हर वार्ड में एक एसम्बेली प्वाइंट बनाएं जहॉ पर सुपरवाईजर तैनात रहकर समन्वय का कार्य करें। वार्डो में कार्यरत स्वच्छता श्रमिकों को चिप लगा हुआ आई.डी. दिया जाए जो उनका पहचान पत्र होने के साथ ही वे अमूक समय पर कहॉ काम कर रहे हैं, इसकी मानीटरिंग भी चिप के माध्यम से की जा सकेगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता मास्टर प्लान के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए आगे कहा कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता संबंधी कार्यो के लिए संसाधनों की कितनी आवश्यकता है, इसका डिटेल भी प्लान में शामिल करें तथा इन संसाधनों को जुटाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव बनाएं।

**संबंधित अधिकारी कर्मचारी के हाथ में होगी वाकी–टाकी**– आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि प्लान के तहत स्वच्छता कार्य से जुड़े हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों, जोन कमिश्नरों को वाकी–टाकी उपलब्ध कराएं जाएं ताकि आपस में सभी जुड़े रहें एवं आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य कर सकें, प्राप्त शिकायतों का त्वरित रूप से आदान–प्रदान एवं उनका तत्काल निराकरण किया जा सके। उन्होने कहा कि स्वच्छता कार्यो में संलग्न सभी स्वच्छता श्रमिक निर्धारित ड्रेस में रहेंगे, ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करें ताकि '' स्वच्छता वीर '' के रूप में उनकी पृथक पहचान हो सके।

**प्रातः 6 से 12 बजे तक सफाई कार्य, फिर गंदगी करने वालों पर अर्थदण्ड**– आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रातः 06 बजे से 12 बजे तक सफाई के कार्य हों, इसके बाद निरंतर मानीटरिंग जारी रखें तथा जो भी व्यक्ति सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालते पाया जाए उस पर अर्थदण्ड लगाएं तथा नियमों के तहत अन्य आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि देखने में आता है कि सड़क में झाड़ू लगाकर बीच–बीच में कचरे को एकत्र कर दिया जाता है तथा उस कचरे को 02 से 03 घंटे बाद उठाया जाता है, यह सिस्टम ठीक नहीं है, सिस्टम को सुधारे, सड़क पर झाड़ू लगाने वाले श्रमिक के पास एक छोटा वाहन भी हो, जिसमें वह उस कचरे को तुरंत एकत्रित कर लें तथा सड़क के किनारे कचरा एकत्रित न करना पड़ें।

**सफाई कार्यो से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों व सफाई एजेंसियों से कहा कि सफाई कार्य के दौरान उपस्थित होने वाली कठिनाईयों व समस्याओं की बिन्दुवार जानकारी प्लान में शामिल करें, इन समस्याओं के समाधान का सुझाव भी रखें ताकि इनका उचित समाधान कर स्वच्छता कार्यो का बिना व्यवधान के संपादन हो सके। इस मौके पर वर्तमान में वार्डवार की गई सफाई व्यवस्था का प्रेजेंटेशन में भी संबंधित वार्ड प्रभारियों द्वारा रखा गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तम दास महंत, सतानंद द्विवेदी, रामप्रसाद मिर्री, टी.बालचैनया, मानसिंह नेताम, कुंजी लाल, अजीत परमहंस, स्वच्छता कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि रामू पाण्डेय, पुरूषोत्तम शर्मा, सुखसागर निर्मलकर, वरूण गोस्वामी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।